लोकदेश

# साहित्य अकादमी का प्रदेश में तीसरा आयोजन आज

**हिरदाराम नगर।** सिंधी साहित्य मंच, वीना कला एवं सेवा समिति के सहयोग से भारत सरकार की साहित्य अकादमी द्वारा 28 जुलाई को भोपाल में साहित्य मंच का आयोजन सावन नगर, हलालपुरा स्थित प्लेओटल के सभाकक्ष में शाम पांच बजे से हो रहा है, जिसमें सिंधी रचनाकार हर्षा मूलचंदानी, समीक्षा, राकेश शेवानी और भारती आसुदानी द्वारा रचनाएं पढ़ी जाएगी। स्वागत वक्तव्य साहित्य अकादमी परामर्श मंडल के सिंधी भाषा परामर्श मंडल के सदस्य अशोक मनवानी द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में भोपाल और संतनगर के अनेक रचनाकार उपस्थित हो रहे हैं। अकादमी के सिंधी परामर्श मंडल वर्तमान में इंदौर से रश्मि रामानी और भोपाल से अशोक मनवाणी शामिल हैं। वर्ष 2023 से 2027 की पांच वर्ष की अवधि के परामर्श मंडल के कार्यकाल में यह तीसरा कार्यक्रम मध्य प्रदेश में हो रहा है। साहित्य अकादमी के सिंधी भाषा संयोजक मोहन हिमथानी एवं वीना कला एवं सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश शेवानी ने सिंधी समाज से सिंधी साहित्य समागम में शामिल होने की अपील की है।